an>

Title: Need for construction of rope-way at the Rohtasgarh Fort and Maa Mundeshwari Dham in Sasaram Parliamentary Constituency.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे नियम 377 के अधीन बोलने का मौका दिया है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम (बिहार) के अंतर्गत रोहतास जिला के रोहतास प्रखण्ड में रोहतासगढ़ किला जो पहाड़ के ऊपर स्थित है एवं कैमूर जिला के भगवानपुर प्रखंड में पहाड़ ऊपर स्थित मां मुण्डेश्वरी धाम है।

रोहतासगढ़ किला अत्यंत ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा पुरातत्विक महत्व का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है तथा मुण्डेश्वरी धाम 6 हजार वर्ष पुराना तीर्थ स्थल (प्रसिद्ध शक्तिपीठ) है। इन दोनों पर्यटक एवं सांस्कृतिक धरोहरों की झलक लेने के लिए देश-विदेश के पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं परन्तु दोनों ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों पर पहुंचने में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को अति कठिनाई होती है।

अतः माननीय अध्यक्ष महोदया से आग्रह है कि उपर्युक्त दोनों ऐतिहासिक धरोहरों क्रमशः रोहतासगढ़ किला एवं मां मुण्डेश्वरी धाम पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को पहुंचने के लिए रोप-वे (झूला मार्ग) का निर्माण कराने की कृपा की जाए ताकि इससे पर्यटकों के आकर्षण के साथ-साथ सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी तथा बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

HON. SPEAKER: Shri Dilip Patel – not present.